Regarding the issues related to the pollution created by the NTPC Project in Tanda

श्री लालजी वर्मा **(अम्बेडकर नगर) :** सभापति महोदया, मैं अपने संसदीय क्षेत्र का एक बहुत ही मत्वपूर्ण विषय आपके समक्ष रखना चाहता हूँ ।, जिससे लाखों लोगों का जीवन कष्टदायी बना हुआ है। एनटीपीसी का एक प्रोजेक्ट टांडा में है, जो 1320 मेगावाट का यूनिट है, उसके एशडैम से लगातार जिस तरह से राख उड़ती है, जिससे लगभग पचासों गांवों में दिन में भी अंधेरा छाया रहता है । जिसके कारण उनके खाने में, अगर वे बाहर बैठ कर खाना चाहें तो खाने में भी वह राख पड़ती है, रात में बाहर सोना चाहें, तब भी राख उनके बिस्तर पर पड़ती है । इस तरह से प्रदूषण के कारण वहां की हालत बहुत खराब है । वहां का जो एनटीपीसी प्रोजेक्ट है, वे सीएसआर के अंतर्गत, आरएण्डआर के अंतर्गत दूसरे जिलों में तो काम कराते हैं, लेकिन वहां पर इस समस्या के समाधान के लिए कोई कार्य नहीं किया जा रहा है । अत: आपके माध्यम से विद्युत मंत्री और पर्यावरण मंत्री से निवेदन करना चाहूँ गा कि इस समस्या का, जो सभी लोगों के जीवन के लिए खतरा बनी हुई है, उसका समाधान करने की कृपा करें ।